Seventeenth Loksabha

an>

Regarding Cleaning of drains in Karawal Nagar in North East Delhi (NCT of Delhi) Parliamentary Constituency

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में पानी निकासी की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा पीडब्ल्यूडी के नालों की नियमित सफाई व्यवस्था ना होने के कारण पानी गलियों एवं खाली प्लाटों में भर गया है। यहां तक कि सोनिया विहार के पास स्थित दिल्ली पुलिस एकेडमी के सैकड़ों एकड़ क्षेत्र में फैले हरित क्षेत्र में घरों से निकलने वाला पानी सालों से जमा होने के कारण हरे भरे पेड़ सूख गए हैं। इस गंदे पानी से भूजल भी जहरीला हो रहा है और कैंसर जैसी महामारियों से क्षेत्र की जनता परेशान है। कई लोगों की अकाल मौत भी हो चुकी है। रिलीज ड्रेन को पक्का बनाने की योजना विगत 8 वर्षों से विचाराधीन है तो बंध ड्रेन का निर्माण कार्य बरसों से अधूरा पड़ा है। जिसकी वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है और बीमारियां भी उत्पन्न कर रहा है साथ ही इससे पर्यावरण की सुरक्षा को भी खतरा हो गया है। अतः मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि करावल नगर क्षेत्र में पानी निकासी की समस्या को दूर करने के लिए लंबित योजनाओं पर क्या काम चल रहा है और योजनाएं कब तक पूरी होगी इस संबंध मे जानकारी प्रदान की जाए।